ग्राउंड ब्रेकिंग में जिलों के उद्यमी भी शामिल होंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लखनऊ में 3 जून को होने जा रही ग्राउण्ड ब्रेक्रिंग सेरेमनी का दायरा अब पूरे प्रदेश में होगा। अब बाकी जिलों में इसी दिन स्थानीय उद्योगपतियों को बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। इसी दौरान लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खास मौजूदगी में होने वाले इस मेगा इवेंट का सीधा प्रसारण सभी जिलों में होगा।

ब्रह्मोस का लगेगा माडल

मंत्री नन्दी ने बताया कि मुख्य आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में होगा। इसमें शीर्ष उद्योगपतियों को बिठाया जाएगा। परिसर में तितली का बड़ा माडल लगेगा। ब्रम्होस मिसाइल का स्टाल लगेगा। इसका छोटा माडल और ओरिजनल माडल रखा जाएगा। अतिथियों के लिए गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की जाए।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने शनिवार को इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि उद्योग विभाग और जिलाधिकारी दोनों की उपस्थिति में हर जिले में एक करोड़ से तीन करोड़ रूपये तक के इनवेस्टमेंट वाले उद्यमियों के लिए समारोह का आयोजन होगा। इसके लिए लाइव प्रसारण की व्यवस्था की कराई जाए। इसमें उद्यमी सीधे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी -3 से जुड़ सकेंगे। मंत्री ने जिलों में इसके लिए की जा रही व्यवस्था, कार्यक्रम व लाइव स्ट्रीमिंग के सेटअप की समीक्षा की की।

मंत्री ने इस आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। मंत्री ने इस आयोजन में आगमन के लिए प्रत्येक उद्यमी को निजी तौर पर ईमेल करने के निर्देश दिए ताकि प्रत्येक उद्यमी और अतिथि समारोह से जुड़ाव कर सके। इसके लिए लाइजन अफसर तैनात होंगे।

गाड़ियों की पार्किंग बहुत ज्यादा दूर न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उद्यमियों को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के आस-पास स्थित होटलों की जानकारी दी जाए, ताकि उन्हें परेशान न होना पड़े। शटल बस की व्यवस्था की जाए। अतिथियों की उपहार देकर विदाई की जाए।